## खबर संक्षेप

### दूगड़ फाउंडेशन बनी सर्वोदय अहिंसा की मिशाल



**छिंदवाड़ा।** सर्वोदय अहिंसा सहित जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाली छिंदवाड़ा की अग्रणी संस्था दूगड़ फाउंडेशन ने इस वर्ष अपना 10 वां वर्ष पूर्ण किया। इस अवसर पर उनके द्वारा नागपुर रोड स्थित कामठी मोटर्स में सर्वोदय अहिंसा सभा का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि छिंदवाड़ा एसडीएम श्री सुधीर जैन, विशिष्ट अतिथि जिला जेल अधीक्षक श्री प्रतीक जैन के साथ सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के साथ बी केयर फॉर ऑल के सदस्य एवं अंकित जैन, अनीता दूगड़, पायल दूगड़, भावना भूरा, पूजा लोनावत, नेहा खजांची, सौरभ जैन सहित सम्पूर्ण दूगड़ परिवार सम्मिलित हुए।

जिनका दूगड़ फाउंडेशन की ओर से श्री अभय दूगड़ एवं श्री ऋषभ दूगड़ ने जलपात्र भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया, आपको बता दें कि दूगड़ फाउंडेशन द्वारा विगत 10 वर्षों से जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए निःस्वार्थ रूप से कार्य किया जा रहा है। इस वर्ष भी उन्होंने ग्रीष्मकाल को देखते हुए गूगल फार्म के माध्यम से मूक पशु - पक्षियों के लिए 150 सीमेंट के टैंक एवं 5 सौ जलपात्रों का निःशुल्क वितरण घर घर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है जो जीव दया की मिशाल है।

### सत्कार हीरो के सहयोग से बांटे जीवन रक्षक 40 हेलमेट

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश में छिंदवाड़ा पुलिस की सराहनीय पहल देखने को मिली जिनके द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत ग्राम गांगीवाड़ा में सुंदर आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करना था। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक अजय पांडे के मार्गदर्शन में यातायात सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान के अंतर्गत किया गया। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक यातायात रामेश्वर चौबे, थाना प्रभारी यातायात राकेश तिवारी, सूबेदार लोहित शेंदे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## “मेंटेना कंपनी” से त्रस्त किसान को आखिर न्यायालय की शरण लेनी पड़ी

# 9 शिकायतें, शपथ पत्र और बर्बाद खेत फिर भी नहीं पसीजा विभाग!

### जल संसाधन विभाग ने गलती मानने के बजाय खबर को ही बता दिया ‘झूठा’, अब अदालत में खुल सकती है अफसरशाही की पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा जिले की सांवरी तहसील के ग्राम सोनमऊ में सामने आया एक मामला अब सिर्फ एक किसान की परेशानी नहीं रह गया है, बल्कि यह सरकारी तंत्र की संवेदनहीनता, अफसरशाही के अहंकार और जनसुनवाई जैसी व्यवस्थाओं की असलियत उजागर करने वाला बड़ा उदाहरण बनता जा रहा है। जिस पाइपलाइन को किसानों की सिंचाई सुविधा और खुशहाली का जरिया बताया गया था, वही अब एक किसान के लिए तबाही का कारण बन चुकी है। खेत दलदल में बदल गए, फसलें सड़ गईं, परिवार आर्थिक संकट में आ गया, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक अपनी गलती स्वीकार करने को तैयार नहीं है।

ग्राम सोनमऊ निवासी किसान विनोद लाड़े की लगभग 2 से 3 एकड़ कृषि भूमि सारोठ जलाशय की पाइपलाइन के लगातार रिसाव के कारण जलभराव की चपेट में आ गई। खेतों में महीनों से पानी भरा हुआ है। सोयाबीन की फसल पूरी तरह चौपट हो गई, टमाटर की खेती बर्बाद हो गई और किसान को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। लेकिन सबसे दर्दनाक बात यह है कि नुकसान झेलने वाला किसान राहत की उम्मीद में सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटता रहा और विभाग अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए फाइलों में सफाई लिखता रहा।

शुरुआत में किसान को भरोसा था कि शिकायत करने पर अधिकारी मौके पर आएंगे, निरीक्षण करेंगे और पाइपलाइन का रिसाव रोककर नुकसान की भरपाई करेंगे। लेकिन धीरे-धीरे यह भरोसा टूटता चला गया। किसान विनोद लाड़े ने एक-दो नहीं बल्कि पूरे 9 बार मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई। हर बार आश्वासन मिला, कार्रवाई का भरोसा दिया गया, लेकिन जमीन पर कोई बदलाव नहीं आया। खेतों में पानी भरता रहा और किसान की उम्मीदें दबती रहीं।



### “कार्रवाई नहीं खबर का खंडन जरूरी?”

खेतों में पानी भरा रहाफसलें बर्बाद होती रहीं किसान शिकायत करता रहाऔर विभाग अखबारों में सफाई देता रहा!इस पूरे मामले में सबसे अहम बात यह है कि हल्का पटवारी की जांच रिपोर्ट में पाइपलाइन रिसाव और खेतों में जलभराव की स्पष्ट पुष्टि की गई है। नायब तहसीलदार द्वारा भी जल संसाधन विभाग को जांच और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। यानी सरकारी रिकॉर्ड में भी समस्या दर्ज है। इसके बावजूद विभाग लगातार मामले को हल्का बताने और खबरों को गलत साबित करने में जुटा रहा।खबर का खंडन होने के बाद किसान विनोद लाड़े ने हार नहीं मानी। उसने अपने दावों को प्रमाणित करने के लिए एफिडेविट यानी शपथ पत्र तैयार करवाया और उसे संबंधित अधिकारियों तथा जनसंपर्क कार्यालय तक पहुंचाया। किसान को उम्मीद थी कि अब शायद विभाग जाग जाएगा और कार्रवाई होगी। लेकिन एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।न तो पाइपलाइन का स्थायी समाधान किया गया,न मुआवजे की कोई घोषणा हुई,न नुकसान का सर्वे हुआ,और न ही किसी अधिकारी या ठेकेदार की जिम्मेदारी तय हुई।ग्रामीणों का आरोप है कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य एक निजी ठेकेदार कंपनी “मेंटेना कंपनी” द्वारा किया गया था। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि निर्माण कार्य में भारी लापरवाही बरती गई और अब जब नुकसान सामने आ रहा है तो ठेकेदार को बचाने के लिए पूरा विभाग सक्रिय हो गया है।गांव के लोगों का कहना है कि यदि समय पर पाइपलाइन की गुणवत्ता जांची जाती और रिसाव पर तुरंत मरम्मत की जाती, तो आज किसान की जमीन बर्बाद नहीं होती। लेकिन यहां तो हालात ऐसे हैं कि किसान को ही गलत साबित करने की कोशिश की जा रही है।


छिंदवाड़ा भूमि

रकारी लापवाही या दिखावटी जनसुन

9 बार जनसुनवाई में शिकायत के बाद भी किसान को नहीं मिला

### 9 शिकायतें फिर भी “सिस्टम” मौन

मामला तब और गंभीर हो गया जब इस पूरे घटनाक्रम को अखबारों में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। ग्रामीणों और किसान को उम्मीद थी कि खबर छपने के बाद प्रशासन हरकत में आएगा। लेकिन यहां तो कहानी ही उलटी निकल गई। जल संसाधन विभाग की कार्यपालन यंत्री कुमकुम कौरव पटेल ने समस्या सुलझाने के बजाय अखबार में प्रकाशित खबर को “झूठा” बताते हुए उसका खंडन प्रकाशित करने का आग्रह कर दिया। यह पत्र जनसंपर्क कार्यालय के माध्यम से भेजा गया।**अब सवाल यही उठ रहा है कि आखिर झूठ क्या है?क्या खेतों में भरा पानी झूठ है?क्या दलदल में बदल चुकी जमीन झूठ है?क्या सड़ चुकी फसलें झूठ हैं? क्या पटवारी की रिपोर्ट झूठ है?या फिर विभाग अपनी लापरवाही छिपाने के लिए सच्चाई को ही झूठ साबित करने की कोशिश कर रहा है?** ग्रामीणों का कहना है कि अगर विभाग के अधिकारी मौके पर जाकर हालात देख लेते, तो शायद उन्हें समझ आता कि एक किसान किन परिस्थितियों में जी रहा है। लेकिन यहां प्राथमिकता समस्या का समाधान नहीं, बल्कि विभागीय छवि बचाना दिखाई दे रही है।जब इस संबंध में एसडीओ तामिया व्ही.के. डेहरिया से संपर्क किया गया तो उन्होंने “मीटिंग में हूं” कहकर फोन काट दिया। इस व्यवहार ने ग्रामीणों में और नाराजगी पैदा कर दी। लोगों का कहना है कि जब किसान अपनी फसल बचाने के लिए गुहार लगा रहा है, तब अधिकारी फोन तक सुनने को तैयार नहीं हैं।

### ठेकेदार पर मेहरबानी किसान पर दबाव?

ग्रामीणों ने ठेकेदार कंपनी पर लगाए गंभीर आरोप निर्माण कार्य में लापरवाही की चर्चा किसान को धमकाने के भी आरोप विभाग पर ठेकेदार को बचाने के आरोपआज किसान विनोद लाड़े की हालत यह है कि उसके सामने परिवार के भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। खेती ही उसकी आय का मुख्य साधन थी, लेकिन खेत जलभराव में फंस गए। अगली फसल की तैयारी करना तो दूर, अब रोजमर्रा का खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है। किसान का कहना है कि उसने खेती के लिए कर्ज लिया था और अब फसल बर्बाद होने के कारण वह आर्थिक रूप से टूट चुका है।सरकार मंचों से किसानों की आय दोगुनी करने के दावे करती है, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि किसान अपनी ही जमीन बचाने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहा है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि जनसुनवाई और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन जैसी व्यवस्थाएं भी इस किसान को राहत नहीं दिला सकीं।अब बड़ा सवाल यह उठता है कि अगर 9 शिकायतें, पटवारी रिपोर्ट, नायब तहसीलदार का पत्र और एफिडेविट भी किसी विभाग को कार्रवाई के लिए मजबूर नहीं कर सकते, तो फिर इन सरकारी व्यवस्थाओं का औचित्य क्या रह जाता है? क्या जनसुनवाई सिर्फ आंकड़े बढ़ाने का माध्यम बनकर रह गई है? क्या मुख्यमंत्री हेल्पलाइन केवल शिकायत नंबर जारी करने तक सीमित हो चुकी है?

### “जनसुनवाई” या सिर्फ कागजी औपचारिकता?

लगातार अनदेखी और विभागीय उदासीनता से परेशान किसान अब न्यायालय की शरण लेने की तैयारी में है। ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें प्रशासन से ज्यादा भरोसा अदालत पर है। यदि मामला कोर्ट पहुंचता है, तो जल संसाधन विभाग के कई अधिकारी और संबंधित ठेकेदारों से जवाब मांगा जा सकता है। अदालत में यह सवाल भी उठ सकता है कि आखिर शिकायतों के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्यों खबर का खंडन करने में तेजी दिखाई गई लेकिन रिसाव रोकने में नहीं?ग्राम सोनमऊ का यह मामला अब प्रशासनिक जवाबदेही का बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। गांव में चर्चा है कि अगर आज विनोद लाड़े की आवाज दबा दी गई, तो कल किसी और किसान की जमीन भी इसी तरह बर्बाद हो सकती है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला बड़े जनआंदोलन का रूप ले सकता है। लोगों का कहना है कि किसान की जमीन और फसल बर्बाद होने के बाद भी यदि अधिकारी अपनी गलती स्वीकार नहीं कर रहे, तो यह सिर्फ लापरवाही नहीं बल्कि किसानों के साथ अन्याय है।

## 38वें ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर में इन-हाउस कंपटीशन शुरू

**जुन्नारदेव।** नगर में चल रहे 38वें ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर के अंतिम सप्ताह में इन-हाउस कंपटीशन का आयोजन किया जा रहा है। विगत एक माह से नगर के 8 से 18 वर्ष तक के छात्र छात्राएं वॉलीबॉल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों ने



सर्विस, अंडर आर्म और अपर आर्म जैसी बुनियादी स्किल सीखीं। अब अंतिम सप्ताह में मैच प्रैक्टिस पर जोर दिया जा रहा है। राष्ट्रभक्ति की भावना जगाने के लिए खिलाड़ियों ने अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को लेकर विभिन्न राज्यों के नाम पर टीमें बनाई हैं। इन टीमों के बीच मुकाबले कराए जा रहे हैं ताकि खिलाड़ी मैच के दौरान स्किल का उपयोग और जीत के गुर सीख सकें।उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव के वॉलीबॉल मैदान पर खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक है। खेल के दौरान वे केवल अपनी टीम की जीत के लिए समर्पित नजर आते हैं। यही ₹सामूहिकता की भावना₹ खेल का सबसे बड़ा सबक है।विशेषज्ञों के अनुसार खेल कौशल में निखार और व्यक्तित्व विकास के लिए एक से दो वर्ष का कठोर अभ्यास आवश्यक है। इसी से खिलाड़ी जिला, संभाग और राज्य स्तरीय टीमों में स्थान बना पाते हैं।नगर की इस 38 वर्ष पुरानी गौरवमयी परंपरा का आयोजन जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा एवं खेल और कल्याण विभाग छिंदवाड़ा द्वारा किया जाता है। नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव प्रबंधन , उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव का प्रबंधन तथा वेकोली कन्हान क्षेत्र का संरक्षण प्राप्त है। खेल , व्यक्तित्व विकास के साथ देश भक्ति से जोड़ने का प्रयास वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर में प्रतिदिन खिलाड़ियों को भारत देश की गौरव गाथाएं प्रातकालीन सत्र में बताई जाती है और प्रतिदिन सायंकालीन सत्र में ₹यह धरती हिंदुस्तान की₹ गीत का सामूहिक गायन कर भारत देश की भौगोलिक , सांस्कृतिक , आध्यात्मिक स्थिति से जोड़कर देशभक्ति का जज्बा जगाया जाता है ।

## तकनीकी मार्गदर्शन से किसान को मिली सफलता की नई राह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

जिले के अमरवाड़ा विकासखंड के ग्राम पिपरिया भारती के कृषक श्री विजय अहरवार ने अपनी मेहनत और उद्यानिकी विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन से खेती में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने परंपरागत खेती से आगे बढ़कर उद्यानिकी फसलों को अपनाया और अपनी आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव लाया है। कृषक विजय अहरवार के पास लगभग 1 एकड़ कृषि भूमि एवं सिंचाई हेतु नलकूप



की सुविधा उपलब्ध थी। पहले वे खरीफ सीजन में मक्का तथा रबी सीजन में गेहूँ की खेती करते थे। इससे उन्हें वर्ष भर में लगभग 30 से 35 हजार रुपये की आय प्राप्त होती थी। उत्पादन की बात करें तो खरीफ में 1.5 टन मक्का एवं रबी में 1.8 टन गेहूँ का उत्पादन होता था। सीमित आय के कारण उनका मकान कच्चा था तथा आर्थिक स्थिति सामान्य थी। वर्ष 2025-26 में उद्यानिकी विभाग द्वारा आयोजित कृषक प्रशिक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन कार्यक्रम से जुड़ने के बाद उनकी खेती की दिशा बदल गई। विभागीय अधिकारियों ने उन्हें वैज्ञानिक तरीके से उद्यानिकी फसलों की खेती करने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों के मार्गदर्शन में उन्होंने खरीफ सीजन में प्याज तथा रबी सीजन में टमाटर की खेती प्रारंभ की।

## पुरुषोत्तम मास में श्रीराम मंदिर छोटी बाजार में हो रही प्रभु कथा



**छिंदवाड़ा।** सत्यधर्म मंडल ट्रस्ट द्वारा संचालित शहर की हृदय स्थली छोटी बाजार स्थित श्रीराम मंदिर में पवित्र पुरुषोत्तम मास के अवसर पर प्रतिदिन प्रभु कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर इन दिनों भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर हो रहा है।मंडल के अध्यक्ष मुकुल सोनी ने बताया कि पुरुषोत्तम मास हिंदू धर्म में अत्यंत पुण्यदायी एवं विशेष महत्व वाला मास माना जाता है। इस पावन अवसर पर भगवान की आराधना, कथा श्रवण, भजन-कीर्तन एवं सत्संग का विशेष महत्व होता है। इसी क्रम में श्रीराम मंदिर में प्रतिदिन सायं 5 बजे से प्रभु कथा आयोजित की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कथा का वाचन मंदिर के पुजारी पंडित नंदकिशोर शास्त्री द्वारा किया जा रहा है। कथा के माध्यम से भगवान की महिमा, धर्म, भक्ति, सदाचार एवं मानव जीवन के आध्यात्मिक मूल्यों का सुंदर वर्णन किया जा रहा है। प्रतिदिन कथा के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति गीतों एवं प्रभु स्मरण से वातावरण भक्तिमय बना रहता है। सत्यधर्म मंडल ट्रस्ट एवं मंदिर समिति ने नगर के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों, मातृशक्ति एवं युवा भक्तों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रभु कथा श्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त करें। मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं तथा सभी भक्तजनों को सादर आमंत्रित किया गया है।

## मेला विकास प्राधिकरण अध्यक्ष विनोद गोटिया संक्षिप्त प्रवास पर पहुंचे छिंदवाड़ा

### भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश तीर्थ स्थल एवं मेला विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विनोद गोटिया शनिवार को संक्षिप्त प्रवास पर छिंदवाड़ा पहुंचे। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पहुंचकर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आत्मीय मुलाकात की तथा संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर चर्चा की। जिला भाजपा कार्यालय पहुंचने पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा विनोद गोटिया का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा पार्टी की रीति-नीति को प्रभावी ढंग से जनता के बीच ले जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सेवा, संगठन और राष्ट्रहित की भावना के साथ निरंतर कार्य कर रही है।

## स्वच्छता कार्यक्रम के बाद लोगों में आई जागरूकता: साहू

### सांसद ने मोहन नगर में किया पार्क निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के कारण देश भर में लोगों में जागरूकता आई है। अब हमें जगह-जगह कचरों के ढेर दिखाई नहीं देते है। लोग खुद ही स्वच्छता अभियान में सहभागिता देते हुए साफ-सफाई रख रहे है। उक्त आशय के उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू ने मोहन नगर वार्ड न. 46 में सिंधी कॉलोनी में आटा चक्की के पास बनने वाले पार्क के निर्माण के लिए आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने विधिवत पूजा अर्चना कर पार्क निर्माण के लिए भूमिपूजन भी किया।

इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि छिन्दवाड़ा शहर सहित जिले भर में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सर्वेक्षण चल रहा है। हमें भी इसमें योगदान देते हुए अपने जिले को प्रदेश सहित देश में नंबर 1 लाने के लिए सहयोग देना होगा। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने सिंधी समाज द्वारा हरे माधव दरबार का निर्माण किए जाने पर खुशी जाहिर की। इसके लिए आप सभी नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में नागरिक फीडबैक सहित अन्य गतिविधियों में शामिल होकर सहयोग प्रदान करे। इस अवसर पर कार्यक्रम को अन्य प्रमुखजनों ने भी संबोधित किया।

उल्लेखनीय है कि मोहन नगर के सिंधी कॉलोनी में नगरपालिक निगम द्वारा 6.66 लाख की लागत से पार्क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसके लिए रविवार को सांसद बंटी विवेक साहू ने भूमिपूजन किया। अब जल्द ही यहा पर पार्क का निर्माण हो जाने से क्षेत्रवासियों को पार्क की सुविधाएं मिल सकेगी। इस अवसर पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ. कृष्ण हरजानी, पिछला वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष जगेन्द्र अल्डक, मंडल अध्यक्ष श्रीमती लीला बजोलिया मौजूद रहे।

### शिवमहापुराण एवं 51 कुण्डीय श्री राम महायज्ञ व रामकथा विराट संत सम्मेलन में शामिल हुए सांसद

## धार्मिक अनुष्ठानों से आमजनों को मिल रहा धर्मलाभ : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

धर्म के प्रति विशेष आस्था रखने वाले सांसद बंटी विवेक साहू अपने व्यस्ततम कार्यक्रमों के बीच भी छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में आयोजित होने वाले धार्मिक अनुष्ठानों में लगातार शामिल हो रहे है। इसी के तहत रविवार को सांसद श्री साहू कालीरात में धनराज कराड़े द्वारा आयोजित हुए हरिनाम सत्ता एवं मदनपुर, बीजेपानी, चांद में श्रीमद् भागवत कथा व शिव महापुराण एवं रानी खैरी में 51 कुण्डीय श्री राम महायज्ञ व रामकथा विराट संत सम्मेलन के कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ अर्जित किया।



इस दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने धार्मिक कार्यक्रमों में कथावाचकों व गुरूजनों का अभिनंदन करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया, साथ ही श्रीमद भागवत कथाओं के दौरान श्रद्धालुओं एवं आमजनों के साथ बैठकर कथा का श्रवण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान होने से क्षेत्र का वातावरण धर्ममय हो जाता है।

इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम निरंतर होते रहना चाहिए, इससे क्षेत्र के लोगों को भी धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होकर धर्मलाभ अर्जित करने का अवसर मिलता है। रानी खैरी में आयोजित 51 कुण्डीय श्री राम महायज्ञ व रामकथा विराट संत सम्मेलन के दौरान शाम के समय आयोजित आरती में शामिल होकर पूजन अर्चन किया। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

कालीरात में आयोजित हरिनाम सत्ता के दौरान समाज जिलाध्यक्ष चंद्रभान देवरे द्वारा सांसद बंटी विवेक साहू को वारकरी सम्मान पत्र दिया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि संतोष पटेल, दिनेशकांत मालवी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रमाकांत पटेल, सुशील गोलू चौधरी, चंद्रभान देवरे, विशवेन्द्र बैस, पप्पू ठाकुर, मिलिन्द नवघरे, सुरेश कराड़े, अनिल कराड़े, श्याम काले, शरद बेंडे, गोपाल कराड़े, देवराज ठाकरे, मोरेश्वर हिवसे सहित अन्य सामाजिक बंधु, श्रद्धालु एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## मप्र पटवारी संघ ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग

# फॉर्मर रजिस्ट्री की तकनीकी खामियों से जूझ रहे किसान-पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य में आ रही तकनीकी समस्याओं और लगातार बढ़ रही परेशानियों को लेकर मध्यप्रदेश पटवारी संघ तहसील इकाई जुन्नारदेव ने तहसीलदार ज्योति ढोके को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है।

ज्ञापन में बताया गया कि फॉर्मर रजिस्ट्री के कार्य में अनेक तकनीकी त्रुटियां सामने आ रही हैं, जिससे किसानों और पटवारियों दोनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।पटवारी संघ ने बताया कि कई महीनों की मेहनत से तैयार हुई आईडी अचानक डिलीट हो गईं। पहले जहां लगभग 45 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका था, वह घटकर 37 प्रतिशत रह गया। इससे कर्मचारियों की मेहनत पर पानी फिर गया और कार्य की गति प्रभावित हुई है।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि किसानों की फॉर्मर आईडी बनाते समय कई प्रकार की तकनीकी गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। नाम सूची से हट जाना, पुराने और नए नाम दोनों दिखाई देना, खसरा जोड़ने के बाद अचानक हट जाना और बंटवारे के बाद भी पुराने खसरे दिखाई देना जैसी समस्याएं लगातार बनी हुई हैं।पटवारी संघ ने कहा कि कई गांवों में किसानों की भूमि होने के बावजूद आईडी नहीं बन पा रही है। वहीं गांव से बाहर रहने वाले खातेदारों की जानकारी भी अपडेट नहीं हो पा रही है। संघ ने शासन से मांग की है कि फॉर्मर रजिस्ट्री और भू-अभिलेख संबंधी सिस्टम को रियल टाइम सिंक किया जाए तथा तकनीकी टीम गठित कर समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए।संघ ने यह भी सुझाव दिया कि जिन किसानों की आईडी पहले से बन चुकी है, उनमें नए खसरे जोड़ने या सुधार करने के लिए बार-बार ओटीपी की बाध्यता समाप्त की जाए। साथ ही एक मोबाइल नंबर से केवल एक ही आईडी बनाने की अनिवार्यता हटाने की मांग भी की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पटवारी रवि नागोद , प्रियंका कुमरे, रवीना साहू, शत्रुघ्न सिंह, राहुल सूर्यवंशी, महेन्द्र उईके विकासखंड जुन्नारदेव की समस्त पटवारी उपस्थित थे।

### उठाई गई बड़ी तकनीकी समस्या

- कभी ओटीपी नहीं आता
- कभी लैंड डाटा फेच नहीं होता
- खाते में नाम दिखाई नहीं देते
- एक मोबाइल नंबर से केवल एक ही फॉर्मर आईडी बन पा रही
- जबकि कई परिवारों में एक ही मोबाइल नंबर उपयोग होता है
- खसरे में बदलाव होने पर बार-बार तकनीकी बाधाएं सामने आ रही हैं।

पटवारी संघ ने इसे फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य की सबसे बड़ी तकनीकी रुकावट बताते हुए तत्काल सुधार की मांग की है।

## आत्मनिर्भरता की राह पर बच्चों के बढ़ते कदम



**सौंसर।** नगर के सांदीपनि विद्यालय में आयोजित 14 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर (समर कैंप) का भव्य समापन हुआ। दिनांक 02 मई से 15 मई तक चले इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर के दौरान अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन में आत्मनिर्भर रहने की बेहतरीन कलाएं और व्यावहारिक कौशल (लाइफ स्किल्स) सिखाए गए। संस्था प्राचार्य शैलजा बत्रा उप प्राचार्य संजय गवनेकर आयोजन को संबोधित करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के आयोजन होना अत्यंत आवश्यक है।प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आत्मविश्वास से लबरेज बच्चे और उन्हें मार्गदर्शन देने वाले शिक्षक खुश नजर आ रहे हैं। इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारना और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए स्वावलंबी बनाना है।

## चमेली बाबा का 12वां सालाना उर्स हुआ संपन्न



**परासिया।** ग्राम भमोड़ी के नॉर्थ चांदामेटा वार्ड क्रमांक 19 में चमेली बाबा की दरगाह में सालाना उर्स हर साल मनाया जाता है । जिसके अंतर्गत प्रातः गुसल किया जाता है । वहीं इस वर्ष भी नार्थ चांदामेटा से शाही संदल निकाला गया । जो गांव का गस्त करता हुआ चमेली बाबा दरगाह पहुंचा । तदुपरांत बाबा को चादर पेश की गई । फातेहा पढ़ी गई एवं परचम कुसाई की गई । इसके बाद लंगर का इंतेजाम किया गया । इस वर्ष कव्वाली का शानदार प्रोग्राम दिनांक 24/05/26 को टीकमगढ़ के कव्वाल सईद फरीद निजामी और छिंदवाड़ा के कव्वाल रोशन आजाद के बीच कव्वाली का मुकाबला हुआ । शाही संदल कार्यक्रम में अमित तिवारी , हाजी अबरार रिज़वी , शेख आबिद , राज कैथवास , मो.असलम , धीरज श्रीवास्तव , मो.मजहर , लक्की तिवारी , संस्कार दुबे , मो.कदीर , मो.इरशाद बाबू , भोलाशंकर वर्मा , आकाश वर्मा , मो.समीर , दिलशाद खान , मो. मोहसिन , मो. आबिद , सोनल शेंडे , नितेश पाल , शेख उबैद , छोटू नाविक व चमेली बाबा को चाहने वाले सेंकड़ों लोग उपस्थित रहे ।

## नीम्बू वाले कुएं में मिला अधेड़ का शव



**परासिया** :- परासिया के वार्ड 4 में स्तिथ नीम्बू वाले सार्वजनिक कुएं से एक 45 वर्षीय अधेड़ का शव मिला । जिसका नाम रामभरोसे केवट बताया जा रहा है । जिसका मकान कुएं के ही समीप था । बताया जा रहा है , कि वह कल (शनिवार) की रात घर से निकला था । जिसकी लाश को स्थानीय लोगों ने रविवार दोपहर में देखा , तब पुलिस को सूचना दी गई । शव रविवार शाम 5 बजे कुएं से बाहर निकाला गया । बता दें , कि कुआँ लोहे की जाली से ढका हुआ है । केवल एक जगह से ही कुएं के अंदर उतरा जा सकता है । पुलिस मौत के कारणों का पता लगाने में जुट गई है ।

## जैव विविधता को बचाने हुआ गोष्ठी का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** हमें प्रथ्वी पर सभी जीवो का सम्मान करना चाहिए ओर उनकी रक्षा करना चाहिए,क्योंकि जैव विविधता ही जीवन का आधार हे ।जब हम जैवविविधता को ध्यान मे रखते हे तो हम जीवन के संतुलन को बनाये रखने मे मदद करते है । हम प्राकृतिक के साथ सामंजस्य बिठाकर सतत विकास करे तो हम हमारी जैव विविधता सुरक्षित रख पायेंगे ।इन विषयों की जानकारी देने के लिए कुकड़ाग्राम उत्थान समिति के द्वारा जैवविविधता दिवस पर गोष्ठी का आयोजन स्थानीय मातृ सेवा संघ छिंदवाड़ा कार्यालय मे किया गया । इस अवसर पर पर्यावरण विद श्यामल राव ने कहा की जैवविविधता दिवस को इस वर्ष वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य कर अपने अपने क्षेत्रो मे प्राकृतिक रुप से पाई जाने वाली जैव का संरक्षण करना है, भारत मे प्रचुर मात्रा मे पेढ़ो की प्रजाति पाई जाती हे जो दिनो दिन विलुप्त होती जा रही हे यदि समय रेहते इसका संरक्षण नही किया गया तो दुष्प्रभाव भी हमे झेलने पड़ेंगे।

# अवैध रेत उत्खनन परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



जिले में अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के सख्त निर्देशानुसार, पांढुर्णा खनिज विभाग की टीम ने रविवार, विभिन्न क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण कर अवैध उत्खनन, परिवहन भंडारण के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया।

क्षेत्र निरीक्षण के दौरान खनिज विभाग के दल को सौंसर तहसील के ग्राम रामाकोना स्थित कन्हान नदी से अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर परिवहन किए जाने की सूचना मिली। टीम ने मौके पर घेराबंदी कर खनिज रेत से लदे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली (वाहन क्रमांक एमपी 28 एसी 6647 को रंगे हाथों पकड़ा। वैध दस्तावेज न पाए जाने पर खनिज नियमाधीन प्रावधानों के तहत ट्रैक्टर-ट्रॉली को मय खनिज (रेत) के मौके पर ही शासकीय रूप से जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए ट्रैक्टर-ट्रॉली को खनिज रेत समेत सुरक्षित रूप से पुलिस थाना सौंसर परिसर में शासकीय अभिरक्षा में खड़ा करवा दिया गया है।

खनिज विभाग के अधिकारियों के अनुसार₹वाहन द्वारा खनिज नियमों का उल्लंघन कर रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा था। इस मामले में खनिज नियमों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध (केस दर्ज) कर लिया गया है।

आगामी कार्रवाई के तहत जुर्माना राशि अधिरोपित करने हेतु इस प्रकरण को निर्णय के लिए कलेक्टर न्यायालय पांढुर्णा के समक्ष प्रेषित किया जा रहा है।

# छात्रावास की बाउंड्रीवॉल का संदीप मोहोड़ किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



क्षेत्र के विकास और छात्र सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में रविवार, 24 मई 2026 को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। स्थानीय उत्कृष्ट अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास, सौसर में 'अनुसूचित जाति बस्ती उन्मूलन कार्यक्रम' के अंतर्गत 10 लाख की लागत से बनने वाली बाउंड्रीवॉलका भव्य भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह गरिमामयी भूमिपूजन कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी पांढुर्णा के जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान पांढुर्णा के पूर्व जिला महामंत्री राहुल मोहोड, विधानसभा संयोजक राजेंद्र भक्ते नामदेव पाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही ग्रामीण अंचल के जनप्रतिनिधियों में ग्राम पंचायत कढ़ैया के सरपंच दिनेश भलावी और परतापुर के सरपंच सूर्यभान चिकटे ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस पूरे कार्यक्रम में पांढुर्णा के जिला संयोजक उमेश कुमार सातनकर मुख्य मार्गदर्शक के रूप में उपस्थित रहे, जिनके निर्देशन में विभागीय स्तर पर इस निर्माण कार्य की रूपरेखा तैयार की गई है।

आयोजन में वृक्ष मित्र अरुण ठाकरे,सुरेश ठाकरे,गोपाल कोठे दिनेश पाटिल,विलास चावके,प्रभाकर केचे,मधुकर धुर्वे, नरेंद्र सेम्बकर सम्मिलित रहे। उत्कृष्ट अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास के अधीक्षक माणिकराव जुनघरे ने भूमिपूजन कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों का आभार ओर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पति-पत्नी की मौत, 10 वर्षीय भांजा गंभीर घायल

# सेलवटपार-साकड़ी मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसा

### पिकअप चालक ने बाइक सवारों को मारी सीधी टक्कर

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



जनपद पंचायत खैरलांजी क्षेत्र अंतर्गम ग्राम सेलवटपार-साकड़ी मार्ग के बीच साकड़ी नाले पर दोपहर लगभग 12 बजे हुए भीषण सडक़ हादसे में पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनका 10 वर्षीय भांजा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।

जानकारी अनुसार हादसा सेलवटपार से साकड़ी मार्ग के बीच साकड़ी नाला पुलिया के पास हुआ, जहां एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में ग्राम साकड़ी निवासी धनीराम गाड़ेकर 42 वर्ष पिता भगत गाड़ेकर एवं उनकी पत्नी अनीता गाड़ेकर 42 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं मोटरसाइकिल में सवार उनका 10 वर्षीय भांजा डिलेश पिता नरेश नागेश्वर निवासी ग्राम घोटी थाना खैरलांजी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बच्चे को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय बालाघाट भेजा गया है, जहां उसका उपचार जारी है।

घटना की जानकारी लगते ही घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई थी। इस दुर्घटना में बाईक में बैठी हुई महिला अनीता नाले में नीचे गिर गई थी, जिससे नाले में रखे हुए पत्थरों से उसका सिर टकरा गया और उसकी मौत हो गई। वहीं बाईक चालक धनीराम व भांजा डिलेश सडक़ पर गिरने से घायल हो गये थे, जिन्हें उपचार के लिए बालाघाट ले जाया जा रहा था, उसी दौरान धनीराम की मौत हो गई। जिस पर सिर्फ बालक डिलेश को बालाघाट को भेजा गया।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही रामपायली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम वारासिवनी सिविल अस्पताल में कराया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## नशे की हालत में पकड़ाया चोर, बैग से सामान गायब

# बस स्टैंड से महिला का बैग चोरी

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** रविवार की सुबह कटंगी शहर के बस स्टैंड पर घटित एक चोरी की घटना ने पूरे बस स्टैंड को हिला दिया। सुबह लगभग 8 बजे एक महिला का बैग अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। घटना के बाद बस स्टैंड पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्राम रूपेरा निवासी अरूणा शेण्डे अपने रिश्तेदार के यहां ग्राम सेलवा में विवाह समारोह में शामिल होने आई थीं। रविवार की सुबह वह अपने घर लौटने के लिए बस स्टैंड पहुंचीं। बस का इंतजार करते समय उनका ध्यान कुछ क्षणों के लिए भटका और इसी दौरान एक अज्ञात चोर ने उनका बैग उठा लिया। बैग में लगभग 2000 रुपए नकद, एक सोने की लौंग, और कुछ साड़ियां रखी हुई थीं। चोरी का पता चलते ही महिला ने तुरंत अपने रिश्तेदार अमित बोमचेर को सूचना दी। रिश्तेदारों ने तुरंत चोर की तलाश शुरू की। करीब दो घंटे बाद, सुबह 10 बजे, नगर के कतरकना रोड पर



एक स्कूल के पास चोर को नशे की हालत में देखा गया। उसके पास महिला का बैग तो था, लेकिन उसमें रखा सामान गायब था। अमित बोमचेर ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को बुलाया। पुलिस मौके पर पहुंची और चोर को पकड़कर थाने ले आई। चोर की पहचान टेकेश्वर सहारे निवासी बिरसोला के रूप में हुई है। उसके पास से महिला का बैग बरामद किया गया, लेकिन उसमें से नकदी, सोने की लौंग और साड़ियां गायब थी। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि चोरी किया गया सामान कहां गया और क्या चोर ने उसे किसी और को बेच दिया या छिपा दिया।

**सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांगः** स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि बस स्टैंड पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और नियमित रूप से पुलिस बल की तैनाती की जाए ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। गौरतलब हो कि काफी लंबे समय नगर में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े है। नगर परिषद की घोर लापरवाही की वजह से इन कैमरों की आज तक मरम्मत नहीं की गई जबकि कई बार कैमरे शुरू कराने की मांग की गई। थाना परिसर में आयोजित होने वाले शांति समिति की बैठकों में भी कई बार इस विषय को जागरूक जनों के द्वारा प्रशासन के समक्ष उठाया गया। हर बार जनता को यह आश्वासन दिया गया कि शीघ्र ही कैमरे दुरुस्त किए जाएंगे किंतु आज तक कैमरे शुरू नहीं हो पाए है और चोरी सहित अन्य आपराधिक घटनाओं के बाद इन कैमरों के बंद होने से होने वाले परेशानी का पुलिस को भी आभास होता है।

# उकवा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न, 200+ मरीजों को मिला लाभ



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** समाधान हॉस्पिटल बालाघाट एवं अल्बाकोर जीआरके हेल्थकेयर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को जय बड़ा देव पूजा स्थल उकवा में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। सहयोगी संस्था के रूप में जय बड़ा देव एकता समिति व सर्व धर्म सेवा समिति उकवा का विशेष योगदान रहा।

सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक चले शिविर में 200 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां और ईसीजी की सुविधा दी गई।

अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अजीत गणवीर, डायबिटीज व थायराइड विशेषज्ञ डॉ. सत्यजित मेश्राम, डॉ. वाल्मीक बघेल, डॉ. प्रभात घुले के साथ डॉ. वेदप्रकाश लिल्हारे, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. निलिमा लिल्हारे व स्टाफ प्रमोद चौरागड़े, शैलेन्द्र कटरे, मनीषा मानेश्वर, ऋषिका सिक्का ने सेवाएं दीं। हड्डी रोग, डायबिटीज, बीपी, थायराइड, लीवर रोग, दमा, एलर्जी, मोटापा, स्त्री व शिशु रोग सहित 25 से ज्यादा बीमारियों की जांच की गई। सरपंच रामबती उइके, सर्व धर्म सेवा समिति अध्यक्ष जेम्स बारीक, उपसरपंच शिवशंकर तिवारी, जगनटोला सरपंच शिव कुमार उइके, जनपद सदस्य धारासिंह मर्सकोले, पंच जैक्शन सरभांग, जय बड़ा देव एकता समिति अध्यक्ष राजेंद्र तिलगाम, सचिव राजेंद्र टेकाम, सुशील मरकाम, अशोक इडपांचे, ऊषा गिरे, संतोष सोनी, अमन गौतम व समाधान हॉस्पिटल के गप्पू राहंगडाले, भास्कर जी।

## मेंडक़ी में भागवत महापुराण में शामिल हुए विधायक दंपत्ति

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी क्षेत्र के ग्राम पंचायत मेंडक़ी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में शनिवार की शाम विधायक विवेक विक्की पटेल अपनी धर्मपत्नि नलिनी पटेल के साथ पहुंचे और भगवान रामलला की पूजा अर्चना कर वृंदावन से पधारे कथावाचन ब्रजरसिकाचार्य मुकेश महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। इस दौरान सरपंच श्रीमती सावित्री लक्ष्मीरामायण पुंजाम, पूर्व सरपंच सचिन बिसेन, पूर्व सरपंच उपेंद्र पप्पू बिसेन, रणबीर बिसेन, आलोक बिसेन, नरेंद्र बिसेन, सिकन्द्रा भूतपूर्व सरपंच राजकुमार चौधरी, अरविंद सहारे, यशवंत बिसेन, झंकारसिंह सहारे, रूपेंद्र बिसेन, हुकुमचंद बिसेन, संतोष चौधरी, सुकलाल मोहारे, प्रदीप चौधरी, विनय राहंगडाले, पप्पू मोहारे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# लावनी में आग लगने से 3 मकान जले

## लाखों रुपये का सामान जल कर खाक

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



जनपद पंचायत खैरलॉजी अंतर्गत ग्राम लावनी में वार्ड नम्बर 6 में शार्ट सर्किट के कारण मकानों में आग लग गई। इस भीषण आग से एक किराना दुकान सहित 3 मकान जल कर खाक हो गए। जिससे इन मकान मालिकों को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। इस भीषण गर्मी के दौर में क्षेत्र में लगातार आगजनी की घटनाएँ घट रही है। ग्राम लावनी निवासी मकान मालिक मनमोहन ठाकरे ने बताया कि शनिवार की शाम को अचानक ही विद्युत वायरों में हुई स्कार्पिंग के कारण मकान के सामने के कोठों में आग लग गई। इन कोठों में पैरा, लकडिय़ॉ व अन्य सामग्री रखी हुई थी। जिससे आग बहुत ही तेजी से फैली और मकान से लगे हुए अन्य दो मकानों के कोठों में भी आग फैल गई। आग लगते ही ग्रामीणों ने अपने-अपने घरों से पानी लाकर आग को बुझाने का प्रयास किया। वहीं कुछ ग्रामीणों ने वारासिवनी नगरपालिका व रामपायली पुलिस थाने को फोन कर आग लगने की जानकारी दी। जिस पर नगरपालिका फायर ब्रिगेड का अमला सूरज करकाड़े के नेतृत्व में तत्काल ग्राम लावनी पहुँचा और ग्रामीणों के साथ आग पर काबू पाया। वहीं रामपायली पुलिस थाने से कुछ पुलिसकर्मी भी घटनास्थल पर पहुँचे थे।

इस आगजनी में मनमोहन ठाकरे के साथ ही उनके भाई ढूंढी लाल ठाकरे और पड़ोसी उम्मेदलाल बघेले के मकानों में आग लगी है। इस आगजनी के कारण तीनों को लगभग 8 से 10 लाख रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। पीड़ित ग्रामीणों ने प्रशासन से उम्मीद की है कि वह आगजनी की घटना का निरीक्षण कर उचित मुआवजा उपलब्ध करवायेगा। जिससे उनको हुए नुकसान की कुछ हद तक भरपाई हो सके।

## ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप, निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल, जांच की मांग तेज

# पारडी पंचायत में विकास के नाम पर घोटाले का आरोप, 15 लाख की सीसी सड़क बनी भ्रष्टाचार की मिसाल

हरिभूमि न्यूज लांजी।





किरनापुर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत पारडी एक बार फिर से विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं को लेकर चर्चा में आ गई है। लगभग 15 लाख रुपये की लागत से बनी सीसी सड़क के निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही और गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए ग्रामीणों ने पंचायत के जिम्मेदारों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप नहीं किया गया। सीमेंट कंक्रीट की मोटाई अपेक्षित स्तर से कम रखी गई, वहीं निर्माण के बाद पर्याप्त तराई नहीं की गई, जिससे सड़क कुछ ही समय में टूटने लगी। कई स्थानों पर दरारें साफ दिखाई दे रही हैं और सड़क का सतह हिस्सा जगह-जगह से उखडऩे लगा है। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

सूत्रों और ग्रामीणों के अनुसार निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की खुली अनदेखी की गई। आरोप है कि निर्माण सामग्री में भी घटिया स्तर की सामग्री का उपयोग किया गया, जिससे सड़क की मजबूती पर गंभीर असर पड़ा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण के दौरान निगरानी व्यवस्था पूरी तरह निष्क्रिय रही और जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। परिणामस्वरूप निर्माण कार्य केवल औपचारिकता बनकर रह गया।

**पंचायत पर मिलीभगत और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपः** ग्रामीणों ने पंचायत के सरपंच और सचिव पर मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि कथित कमीशनखोरी के चलते निर्माण कार्य को बिना गुणवत्ता जांच के ही पूरा कर दिया गया और मूल्यांकन प्रक्रिया भी सवालों के घेरे में है। पूर्व में भी पंचायत के अन्य विकास कार्यों को लेकर शिकायतें सामने आ चुकी हैं, लेकिन उन पर ठोस कार्रवाई न होने से लापरवाही और अनियमितताओं के आरोप और मजबूत होते जा रहे हैं।

**ग्रामीणों में आक्रोश, जांच की उठी मांगः** खराब सड़क निर्माण से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया और चारपहिया वाहनों के आवागमन में लगातार दिक्कतें बढ़ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क कुछ ही महीनों में अपनी स्थिति खो चुकी है, जो निर्माण की गुणवत्ता पर बड़ा सवाल है। ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की अनियमितताओं पर रोक लग सके।

# नील कमल यात्री बस से सोने के जेवरात सहित नगदी उड़ा ले गए चोर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र में यात्री बस में सफर कर रहे एक परिवार के साथ बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। नीलकमल ट्रेवल्स की बस में यात्रा के दौरान अज्ञात चोर ने ट्रॉली बैग काटकर लगभग 7 तोला सोने के जेवर एवं 8 हजार रुपये नगद पार कर दिए। मामले में पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक सिवनी को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार मिरेगांव तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट निवासी कैलाश करंडे 4 मई 2026 की सुबह अपने परिवार के साथ बस क्रमांक MP41ZE3110 नीलकमल ट्रेवल्स से छिंदवाड़ा जाने के लिए रवाना हुए थे। पीड़ित का आरोप है कि बस कंडक्टर ने उनकी अटैची सहित चार बैग बस की पिछली सीट पर रखवा दिए, जबकि परिवार को सामने बैठाया गया। कुछ दूरी तय करने के बाद कंडक्टर ने छिंदवाड़ा तक का 800 रुपये किराया भी लिया।

पीड़ित ने बताया कि सिवनी पहुंचने पर बस में खराबी बताकर उन्हें परिवार सहित बस स्टैंड के सामने



उतार दिया गया और दूसरी नीलकमल बस में बैठा दिया गया। इसके बाद वे छिंदवाड़ा पहुंचे और वहां से ट्रेन द्वारा जामई-जुन्नारदेव रवाना हो गए।

जामई पहुंचकर जब बैग की जांच की गई तो ट्रॉली बैग में रखा जेवरों का डिब्बा गायब मिला। पीड़ित के अनुसार बैग में ताला लगा हुआ था, लेकिन अज्ञात चोर ने बैग की चैन खोलकर अंदर का कपड़ा काटा और सोने के जेवर एवं नगदी से भरा डिब्बा निकाल लिया। बाद में बैग की चैन दोबारा बंद कर दी गई, जिससे किसी प्रकार का संदेह नहीं हुआ।

चोरी हुए सामान में सोने का हार, कान के झुमके, दो छोटे मंगलसूत्र सहित करीब 7 तोला सोना एवं 8 हजार रुपये नगद शामिल बताए गए हैं। घटना की जानकारी लगते ही पीड़ित वापस छिंदवाड़ा पहुंचा और बस कंडक्टर से संपर्क किया। आरोप है कि पहले कंडक्टर ने फोन बंद कर लिया, बाद में संपर्क होने पर बस में बुलाया गया। जांच के दौरान बस की पिछली सीट पर वह पॉलिथीन तो मिली जिसमें जेवरों का डिब्बा रखा गया था, लेकिन डिब्बा गायब था।

पीड़ित ने शिकायत में यह भी उल्लेख किया है कि बस में सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद कर्मचारियों द्वारा कैमरे बंद होना बताया जा रहा है। पीड़ित ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर चोरी गए जेवर एवं नगदी बरामद करने की मांग की है।

*पीड़िता ने बताई की घटना 4 मई की थी जो जो हमें आज दिनांक तक भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई पीड़िता इधर-उधर भटक रही* पीड़िता न बताई कि जब मैं 5 मई को रिपोर्ट दर्ज करने गई तुम मेरी रिपोर्ट नहीं लिखी गई तत्पश्चाप मैं दो-तीन बार गई तब भी रिपोर्ट नहीं लिखी तब मैं 16 मई सिवनी विधायक मुनमुन राय पूर्व भाजपाअध्यक्ष आलोक दुबे एवं सिवनी के प्रभारी मंत्री करण सिंह को मैंने आप बीती सुनाई तब उन्होंने की आई को फोन से चर्चा कर पीड़िता की मदद करने की बात की तब टी आई ने थाना बुलाया और कहा कि आप चले जाओ हम जांच कर रहे है और अभी तक हमारी रिपोर्ट भी नहीं की

## खबर संक्षेप

### 25 एवं 26 मई को डाकघर में आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन का विशेष अभियान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बालाघाट संभाग अंतर्गत सिवनी जिले के विभिन्न डाकघरों में 25 एवं 26 मई 2026 को आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन हेतु विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। कार्यालय अधीक्षक डाकघर बालाघाट संभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सिवनी प्रधान डाकघर सहित छपारा, बरघाट, घंसौर एवं लखनादौन उपडाकघरों में यह अभियान आयोजित होगा।

अभियान के दौरान प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक नवीन आधार पंजीयन, आधार कार्ड में सुधार, बायोमेट्रिक अपडेशन, मोबाइल नंबर एवं ईमेल लिंकिंग सहित अन्य आधार संबंधी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इसके लिए 22 एवं 23 मई 2026 को टोकन वितरण किया जाएगा। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने निकटतम डाकघर स्थित आधार केन्द्र में पहुंचकर इस विशेष सुविधा का लाभ लें।

अधिक जानकारी हेतु कार्यालय अधीक्षक डाकघर बालाघाट संभाग, बालाघाट से दूरभाष 07632-247574 पर संपर्क किया जा सकता है।

### राइजिंग शटलर्स कप 2026 बेडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** स्टेडियम के बेडमिंटन हॉल में गत रविवार को राइजिंग शटलर्स क्लब का एक दिवसीय आयोजन किया गया जिसमें 170 खिलाडिय़ों ने भाग लिये कार्यक्रम में विजेता एवं उपविजेता खिलाडिय़ों को नगद पुरूस्कार ट्राफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। प्रतियोगिता में निम्न आयु समूह में विजेता एवं उपविजेता रहें खिलाडिय़ों के नाम इस प्रकार रहें।

अंडर -10 विजेता अनय अग्रवाल सिवनी उपविजेता पार्थ दुलानी सिवनी, अंडर -13 बॉयज सिंगल्स विजेता दक्ष सिकंदरपुरी लांजी उपविजेता सार्थक रघुवंशी इटारसी , अंडर -13 बॉयज डब्लस विजेता सक्षम एवं शौर्य सिवनी उपविजेता पार्थ एवं शास्त्र सिवनी, अंडर -13 गर्ल्स सिंगल्स विजेता कोशिन हनवत सिवनी उपविजेता सौम्या जैन बालाघाट, अंडर -16 गर्ल्स सिंगल्स विजेता सोनल करण बालाघाट उपविजेता कोशिन हनवत सिवनी, अंडर -16 बॉयज सिंगल्स विजेता अबीर विश्वकर्मा इटारसी उपविजेता सोमिन झारिया सिवनी, अंडर-16 बॉयज डबल्स विजेता गर्व चौरसिया एवं यश हरदाहा दमोह उपविजेता चिराग आरव जे बालाघाट, अंडर -19 बॉयज सिंगल्स विजेता गर्व चौरसिया दमोह उपविजेता मिथुल सचदेव बालाघाट , अंडर -19बॉयज डबल्स विजेता रौनक एवं मिथुल सचदेव बालाघाट उपविजेता सोमिन झारिया एवं विजयंत सिंह , अंडर -19 मिक्स डबल्स विजेता आदिति बघेल एवं विजयंत सिंह सिवनी उपविजेता रूपल उइके एवं सोमिन झारिया सिवनी।

### गेहूं उपार्जन 2026-27 : जिले में 3.42 लाख मीट्रिक टन से अधिक खरीदी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत गेहूं उपार्जन कार्य तेज गति से जारी है। 23 मई 2026 की स्थिति में जिले में कुल 3 लाख 42 हजार 329 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है।

इस वर्ष 54 हजार 96 किसानों ने पंजीयन कराया है तथा जिले में 78 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से समर्थन मूल्य 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की जा रही है। अब तक 38 हजार 311 किसानों ने गेहूं विक्रय किया है।

उपार्जित गेहूं की कुल राशि 884.92 करोड़ रुपये दर्ज की गई है। अब तक 617 करोड़ रुपये का सफल भुगतान किसानों के खातों में किया जा चुका है। प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर के निर्देशानुसार राजस्व सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी लगातार उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। निरीक्षण के दौरान किसानों की सुविधा, तौल व्यवस्था, बारदानों की उपलब्धता, परिवहन, भंडारण एवं भुगतान प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।


# छपारा नगर परिषद पर गंभीर आरोपः निजी कृषि भूमि पर साठगांठ कर बना दी सीसी रोड

## पीड़ितों ने की आर्थिक अपराध ब्यूरो से शिकायत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छपारा।**

नगर परिषद छपारा के प्रशासनिक गलियारों और राजस्व विभाग में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक पीड़ित किसान ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों पर मिलीभगत कर उसकी पैतृक निजी भूमि पर जबरन अवैध सीसी रोड निर्माण कराने और फर्जी सीमांकन करने के गंभीर आरोप लगाए। मामले की शिकायत पीड़ित द्वारा आर्थिक अपराध ब्यूरो (EOW) जबलपुर, संभागायुक्त, नगरीय प्रशासन विभाग सहित जिला कलेक्टर सिवनी और तहसीलदार से की गई है, जिसकी पावती भी प्राप्त हो चुकी है।क्या है पूरा मामला? शिकायतकर्ता अम्बर पाटर (पिता स्व. प्रकाश पाटर), निवासी आजाद वार्ड (कुम्हारी वार्ड) छपारा ने बताया कि ग्राम डुंगरिया छपारा (पटवारी हल्का नंबर 42) में उनकी स्वामित्व वाली कृषि भूमि खसरा नंबर 151/1/1 (रकबा 1.05 हेक्टेयर) स्थित है। पीड़ित का आरोप है कि इस निजी भूमि से लगे हुए शासकीय रास्ते (खसरा नंबर 172) को छोड़कर नगर परिषद छपारा द्वारा दुर्भावनापूर्वक और नियमों को ताक पर रखकर उनकी निजी कीमती जमीन पर अवैध रूप से सीसी रोड का निर्माण करा दिया गया।मिलीभगत से फर्जी सीमांकन करने के आरोपआवेदन में उल्लेख किया गया है कि पीड़ित द्वारा अपनी भूमि के सीमांकन के लिए आवेदन दिया गया था।

आरोप है कि दिनांक 21/08/2025 और



14/11/2025 को राजस्व टीम के पटवारी बृजेश रजक, संदीप श्रीवास्तव, मुदित कालिश एवं अन्य द्वारा मौके पर जाकर गलत चतुरसीमा बताते हुए एकतरफा फर्जी प्रतिवेदन, पंचनामा और नक्शा तैयार किया गया। पीड़ित ने साफ तौर पर आरोप लगाया है कि दूसरे पक्ष को अनुचित लाभ पहुंचाने और मोटी राशि का लेनदेन कर उसकी निजी भूमि को शासकीय दर्शाने का यह खेल खेला गया।रोकने पर थमाया 'अवैध कब्जे' का नोटिसपीड़ित अम्बर पाटर का कहना है कि जब उन्होंने नगर परिषद छपारा को अपनी निजी भूमि पर रोड बनाने से रोकने के लिए आवेदन दिया, तो उनकी सुनवाई करने के बजाय उल्टा उन पर दबाव बनाने के लिए तहसीलदार न्यायालय छपारा के माध्यम से 'अवैध कब्जे' का नोटिस जारी करवा दिया गया। इसके बाद प्रशासन ने बलपूर्वक जबरन उनकी निजी जमीन पर सीसी रोड का निर्माण कार्य पूरा करा दिया। अध्यक्ष और अधिकारियों के खिलाफ EOW में शिकायत पीड़ित ने अपनी शिकायत में सीधे तौर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल, सीएमओ श्यामगोपाल भारती, सब-इंजीनियर दीपक उइके और वार्ड पार्षद राकेश भारद्वाज पर मिलीभगत और साठगांठ करने का आरोप लगाया है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि वास्तविक नक्शे के अनुसार रोड का निर्माण गोविंद नागेन्द्र के घर से बड़े बगीचा शनिश्चरी तक जाना था, जिसके लिए बाकायदा टी.एस. (तकनीकी स्वीकृति) भी जारी हुई थी, लेकिन मौके पर नक्शा बदलकर पीड़ित की भूमि को क्षतिग्रस्त कर दिया गया जिससे उन्हें भारी आर्थिक और मानसिक क्षति हुई है।मुख्य मांगेंःदोषियों पर कानूनी कार्रवाईः फर्जी सीमांकन करने वाली पटवारी टीम और अवैध निर्माण कराने वाले नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों/जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध वैधानिक और दंडात्मक कार्रवाई की जाए।अवैध निर्माण को तोड़नाः निजी भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई सीसी रोड को तत्काल तोड़कर हटाया जाए और भूमि को पूर्व स्थिति में बहाल कर वास्तविक भू-स्वामी को सौंपी जाए।इस मामले में पावती और शिकायत पत्र विभिन्न उच्च कार्यालयों में दर्ज हो चुके हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर भ्रष्टाचार और तानाशाही के आरोपों पर क्या निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करता है या पीड़ित किसान को न्याय के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा।

# महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने एकजुट होकर अवैध शराब कारोबार के खिलाफ मोर्चा खोला

सिवनी जिले के धनौरा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सर्रा में रविवार को अवैध शराब बिक्री के विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने एकजुट होकर अवैध शराब कारोबार के खिलाफ मोर्चा खोला। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में खुलेआम कच्ची और पक्की शराब बेची जा रही है, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ धनौरा।**

नशा मुक्ति अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं ने बताया कि वे लंबे समय से गांवों में गुप्त रूप से शराब के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चला रहे हैं। उनका उद्देश्य बिना किसी प्रचार-प्रसार के समाज को नशामुक्त बनाना है।

शादी-विवाह के व्यस्त दौर में भी यह अभियान निरंतर जारी रखा गया है।शराबबंदी लागू करने के बाद अवैध कारोबार ग्रामीणों के अनुसार, आसपास के कई आदिवासी गांवों में पहले सामूहिक रूप से शराबबंदी लागू की गई थी। इसके बावजूद कुछ लोग दोबारा अवैध शराब बेचने लगे हैं। इससे गांवों में असामाजिक गतिविधियां बढ़ रही हैं और दूर-दराज के क्षेत्रों से शराब पीने वालों की आवाजाही भी बढ़ी है।

नशा मुक्ति अभियान के संयोजक सुरेंद्र जैन, जनपद उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह और पेसा एक्ट सेक्टर अध्यक्ष शिव उईके के नेतृत्व में ग्रामीणों ने धनोरा मुख्यालय में रैली निकाली और नारेबाजी की। इसके बाद सभी ग्रामीण थाना पहुंचे, जहां थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई।



### उग्र आंदोलन की चेतावनी

रैली में शामिल महिलाओं ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि गांवों को नशामुक्त बनाने के लिए उनका संघर्ष जारी रहेगा और शराब माफियाओं को गांव का माहौल खराब नहीं करने दिया जाएगा।

# आज गंगा दशहरा पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत होंगे भव्य आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गंगा दशहरा के अवसर पर जिले में 25 मई 2026 को जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में जनसहभागिता के माध्यम से जल संरक्षण एवं संवर्धन की गतिविधियां संचालित की जाएंगी। साथ ही सांस्कृतिक संध्या के जरिए जल संरक्षण का संदेश आमजन तक पहुंचाया जाएगा।

उक्त कार्यक्रमों में जिले के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं अधिकारियों की सहभागिता रहेगी। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रातः 8:30 बजे बैनगंगा नदी तट स्थित ग्राम पंचायत लखनवाड़ा, जनपद पंचायत सिवनी में सामूहिक श्रमदान एवं योगदान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी तथा आमजन सहभागिता कर जल स्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता एवं संवर्धन के लिए श्रमदान करेंगे।

वहीं सायं 7:00 बजे महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिवनी में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में लोक संस्कृति एवं जनजागरूकता आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। आयोजनों के सफल संचालन एवं समन्वय हेतु विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। बैनगंगा तट पर आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों के लिए श्रीमती पूर्वी तिवारी, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास प्राधिकरण तथा श्री लोकेश साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिवनी को जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम की व्यवस्थाओं हेतु श्री लालजीराम मीणा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, श्री शिवराज सिंह कुमरे, जिला शिक्षा अधिकारी तथा श्री विशाल मर्सकोले, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका सिवनी को दायित्व सौंपा गया है।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन सतत कार्रवाई जारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता को लेकर खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्रवाही जारी है। इसी क्रम में रविवार 24 मई 2026 को सिवनी एवं बरघाट तहसील क्षेत्र में प्रमुख फल एवं सब्जी विक्रेताओं का सघन निरीक्षण कर जांच कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान फलों को कृत्रिम रूप से पकाने एवं खाद्य गुणवत्ता की जांच के उद्देश्य से विभिन्न प्रतिष्ठानों से नमूने संग्रहित किए गए।

निरीक्षण के दौरान हड्डी गोदाम स्थित आमिर फूड मर्चेंट से आम, अनार, एप्पल, केला तथा एथिलीन रिपनर



के नमूने लिए गए। वहीं एसबी फूड मर्चेंट के संचालक सईद अब्दुल नदीम से आम, केसर आम, एप्पल एवं एथिलीन रिपनर के नमूने जांच हेतु संकलित किए गए। इसके अलावा जाहिद अली फ्रूट कंपनी से आम एवं केले के नमूने लिए गए।

बरघाट क्षेत्र में भी खाद्य सुरक्षा दल द्वारा विभिन्न विक्रेताओं से तरबूज, खरबूज, आम, केला सहित अन्य मौसमी फल एवं सब्जियों के नमूने एकत्रित किए गए। सभी नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने बताया कि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर संदीपनी विद्यालय छपारा के छात्र हुए सम्मानित



**छपारा।** भारतीय वन प्रबंधन संस्थान में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर आयोजित गरिमामयी समारोह में छपारा नगर के संदीपनी विद्यालय के विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि संदीपनी विद्यालय की छात्रा पारुल ठाकरे, छात्र बैनी शंकर चंद्रवंशी एवं छात्रा मोना नागेश्वर को यह सम्मान मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में संदीपनी विद्यालय के विद्यार्थियों ने जिले में प्रथम एवं राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित छपारा क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया।विदित हो कि उक्त सम्मान समारोह 22 मई को भारतीय वन प्रबंधन संस्थान, नेहरू नगर, भोपाल के सभागार में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, चेन्नई के अध्यक्ष वीरेंद्र आर तिवारी, भारतीय वन प्रबंधन संस्थान के निदेशक डॉ. के. रविचंद्रन, राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, चेन्नई के सदस्य सचिव डॉ. बी. बालाजी, मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड, भोपाल के सदस्य सचिव सुदीप सिंह तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के वैज्ञानिक रघु कुमार कोहली विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य एम. के. रहमतकर, मार्गदर्शक शिक्षक एस. पी. पंचेश्वर सहित विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना।

## कुएं की साफ-सफाई कर जल स्रोत को दिया पुनर्जीवन

**सिवनी।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत मप्र जन अभियान परिषद लखनादौन द्वारा जल संरक्षण, जल स्रोतों के पुनर्जीवन एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने हेतु व्यापक स्तर पर गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जल संरचनाओं की साफ-सफाई एवं संरक्षण का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड लखनादौन के सेक्टर क्रमांक-3 धूमा अंतर्गत ग्राम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नेटवर्क एवं ग्रामवासियों की सहभागिता से कुएं की साफ-सफाई कर जल स्रोत के पुनर्जीवन का सराहनीय प्रयास किया गया। श्रमदान के माध्यम से ग्रामीणों ने जल संरक्षण के प्रति अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई तथा जल संरचनाओं के संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती रीता वर्मा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाता प्रवेश सारठे, नवांकुर संस्था चेतना संदेश समिति के अध्यक्ष विजय नेमा, कोषाध्यक्ष विजय श्रीवास्तव, सचिव उमेश गोलहानी सहित समिति सदस्य तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पांडुपुरा के सचिव-अध्यक्ष विजय सेन, रघुवीर झरिया, प्रमोद मरावी, अजीत चौधरी एवं ग्राम के अनेक नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों ने जल संरक्षण एवं जल स्रोतों के संवर्धन हेतु सामूहिक सहभागिता का संकल्प लिया।

# मध्य प्रदेश में मोहन यादव और शिवराज सिंह की चक्की में पिस रहा है अन्नदाता किसान, विधायक और सांसद मौन-धन सिंह ठाकुर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रांत महामंत्री द्वारा बताया गया कि गेहूं उपार्जन ई उपार्जन पोर्टल पर स्लाट बुकिंग की समय सीमा बढ़ाना तकनीकी समस्याओं का निराकरण प्रभावित किसानों को ऑफलाइन टोकन की व्यवस्था अन्य समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला सिवनी किसान राजेश सोलंकी जी भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं मध्य प्रदेश शासन से प्रार्थना है कि किसानों के स्लाट बुकिंग की समय सीमा बढ़ाई जावे किसान समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेच सके सरकार को जगाने के लिए राई नामक का सद्बुद्धि हवन करेंगे किसान, प्रदीप पटेल का कहना है कि अनशन स्थल पर बैठे सभी किसानों ने निर्णय लिया है कि विगत दिन 25 5.26 दिन सोमवार को राई नामक का हवन करेंगे तंत्र बाधाओ से मुक्ति एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को सद्बुद्धि प्रदान करने के लिए हवन किया जाएगा, जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर जी द्वारा बताया गया है इसके बाद भी मध्य प्रदेश सरकार जागी नहीं तो उग्र आंदोलन भी हो सकता है जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी उपस्थित किसानों में आक्रोश बढ़ रहा है और गर्मी के समय में 40 से 45 डिग्री सेल्सियस तापमान होने के बाद भी किसान अपनी उपज बेचने के लिए सड़कों पर ट्रैक्टरों से अनाज लगा हुआ लाइन लगाकर खड़ा हुआ है और सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है खरीदी केदो में बारदाने की समस्या और सबसे बड़ी मुख्य समस्या है । स्लाट बुकिंग की समय सीमा तत्काल बढ़ाई जाए अन्यथा उग्र होगा आंदोलन राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ मध्य प्रदेश अध्यक्ष शोभाराम भलावी जी की उपस्थिति में यज्ञ हवन कार्य संपन्न होगा क्षेत्र एवं जिले के किसान प्रदीप पटेल विजय सिंह अमरोदिया अर्जुन सिंह अमरोदिया मानक लाल ठाकुर नीलू सोलंकी विक्की साहू निक्की साहू जी श्याम सिंह अम्रुदिया गोपाल पटेल प्रकाश आरोडिया जी तेज लाल अमरोदिया जी अशोक अमरोदिया जी सतीश ठाकुर विजेंद्र सोलंकी सुरजीत श्याम सिंह सुंदरलाल गट्टू लाल नरेंद्र अमरोदिया रामाधार मधु ठाकुर रामेश्वर चरण सिंह मुकेश साहू जगदीश दरिया दिल्ली सिंह पटेल दुर्गा शंकर पटेल डॉक्टर रविंद्र ठाकुर फूलमती भाई जाम सिंह ठाकुर सुंदरलाल जी सोमनाथ जी हरचंद मनीष जंगल सिंह दिनेश महेंद्र जय सिंह जितेश प्रभु मोहनलाल रामकृष्ण ठाकुर नीरज साहू सीताराम केसरी चंद शोभाराम नरेंद्र ठाकुर चिंतामणि ठाकुर आनंद ठाकुर डिलन ठाकुर जोर तारा कन्हैया लाल ठाकुर , कैलाश ठाकुर जीते सिंह ठाकुर भानु ठाकुर कन्हैया साहू आनंद ठाकुर प्रकाश ठाकुर भाटा अन्य सभी किसानों की उपस्थिति में हवन कार्य संपन्न होगा।

## थाना कुरई में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

# गौवंश अपराध की सूचना पर 5000 रुपये नगद इनाम की घोषणा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरई।**

आगामी बकरीद त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु थाना कुरई परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में तहसीलदार कुरई, थाना प्रभारी कुरई, जनपद पंचायत अध्यक्ष सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। खवासा मस्जिद के मौलाना एवं सदर, चंद्रपुर मस्जिद के मौलाना, सुकतरा मस्जिद के मौलाना एवं सदर तथा पत्रकारगण ने बैठक में सहभागिता की।

**बैठक के प्रमुख बिंदु9** शासन के निर्देशः सभी उपस्थितजनों को शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से



अवगत कराया गया। बकरीद त्यौहार को आपसी भाईचारे, हर्ष एवं सौहार्द के साथ मनाने की समझाइश दी गई।

पारंपरिक कुर्बानी की अपीलः त्यौहार के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं पारंपरिक तरीके से कुर्बानी करने पर जोर दिया गया। किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने व तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील की गई।

गौवंश अपराध पर इनाम की घोषणाः पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी द्वारा गौवंश अपराध की सूचना देने वाले को 5000 रुपये नगद इनाम देने की घोषणा से अवगत कराया गया। नागरिकों को अन्य अपराधों की सूचना देने हेतु भी प्रोत्साहित किया गया।

पुलिस-जन सहयोगः त्यौहार के दौरान पुलिस-जन सहयोग बढ़ाने एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई। थाना प्रभारी कुरई ने बताया कि त्यौहार के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। संवेदनशील स्थानों पर सतत निगरानी रखी जाएगी। अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सभी गणमान्य नागरिकों ने पुलिस प्रशासन को त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न कराने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

लकड़ी व्यापारी से 90 हजार की वसूली करने का आरोप, तीन फरार की पुलिस कर की तलाश

# अवैध वसूली करने के मामले में जिपं सदस्य मधु शुक्ला के पति ऋषि शुक्ला सहित 4 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

खैरलांजी थाना पुलिस ने अवैध वसूली करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें फरार तीन आरोपितों की पुलिस तलाश कर रही है। पकड़े गए आरोपितगण प्रफुल्ल चित्रीव रामपायली, अलीम खान व अभिषेक सोनी बालाघाट और ऋषि शुक्ला खैरलांजी निवासी शामिल है। बताया गया कि ऋषि शुक्ला जिला पंचायत सदस्य मधु शुक्ला के पति है। जिसके कारण पुलिस ने उन्हें विशेष सुविधा देते हुए निजी कार से लेकर न्यायालय पहुंची थीं।

### 12 मार्च 26 को ट्रक में लकड़ी लोड करने को धमकाया था आरोपितों ने

जानकारी अनुसार ग्राम खैरी निवासी हंसराज पिता गोपाल लिल्हारे 30 वर्ष ने बुधवार 9 मई को पुलिस अधीक्षक बालाघाट से लिखित शिकायत की थी कि 12 मार्च को सुबह 10 बजे ग्राम पिंडकेपार में किसानों के खेत की लकड़ी खरीद कर वह ट्रक में लोड करवा रहा था। तभी मौके पर प्रफुल्ल चित्रीव व ब्रजेश मिश्रा दोनों निवासी ग्राम रामपायली, अलीम खान, अभिषेक सोनी, फारूख खान तीनों निवासी बालाघाट, संतोष सोनवाने ग्राम सोनझरा रामपायली निवासी मौके पर दो कार में आए। जिन्होंने उसके साथ गाली गलौज करते हुए डराया धमकाया और कहा कि चोरी की लकड़ी खरीद कर वाहन में लोड़ करवा रहा है, तेरी हम न्यूज बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर देंगे। जिससे तुझे आजीवन कारावास हो जाएगा। ऐसे में तेरे घर वाले बर्बाद हो जाएंगे, कही के नहीं रहोंगे, सबको जहर खाकर मरना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि तू चोरी से लकड़ी का व्यापार करता है।

### ऋषि शुक्ला के माध्यम से फोन पे से ली गई 90 हजार की रकम

इस बीच प्रफुल्ल चित्रीव ने खैरलॉजी के वार्ड नम्बर 3 निवासी ऋषि शुक्ला को मौके पर बुलाया। इस दौरान सभी ने मिलकर दो लाख रुपये की मांग की, लेकिन हाथ पैर जोडऩे पर ऋषि शुक्ला के माध्यम से 90 हजार रुपये आनलाइन फोन पे के माध्यम से लिए गए। जिसके बाद से पीड़ित मानसिक रूप से प्रताड़ित होने के साथ ही आर्थिक हालत खराब हो गई है।

### एस पी को शिकायत के बाद की पुलिस ने जॉच

पीड़ित द्वारा पुलिस अधीक्षक बालाघाट को दी गई शिकायत जॉच के लिए खैरलॉजी पुलिस थाना भेजी गई थी। जहॉ पर पुलिस ने प्राप्त शिकायत की जांच की।

जिसमें पुलिस द्वारा हंसराज लिल्हारे के बयान, सीडीआर लोकेशन, कॉल डिटेल, केनरा बैंक की जानकारी, बातचीत की पेन ड्राइव में रिकार्डिंग सुनने पंचनामा, सीडीआर अवलोकन पंचनामा व वन विभाग से प्राप्त जानकारी के आधार पर आरोपितों के खिलाफ धारा 308(5), 296(बी) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया।

उसके बाद पुलिस ने आरोपितगणों प्रफुल्ल चित्रीव रामपायली, अलीम खान व अभिषेक सोनी बालाघाट, ऋषि शुक्ला खैरलांजी निवासी को हिरासत में लेकर वारासिवनी न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया।

न्यायालय ने सुनवाई के बाद चारों आरोपियों को जेल भेज दिया है। इस मामले में ब्रजेश मिश्रा रामपायली, फारूख खान बालाघाट, संतोष सोनवाने सोनझरा रामपायली निवासी फरार है। जिनकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।

### इनका कहना है

ग्राम खैरी निवासी एक लकड़ी व्यापारी को 7 लोगों ने मीडिया का डर बताकर डराया धमकाया और उससे 90 हजार रुपये की अवैध वसूली की थी। मामले में शिकायत के आधार पर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। तीन फरार आरोपितों की तलाश की जा रही है।

**दिलीप गौतम,**
**थाना प्रभारी खैरलांजी।**

# तड़के 4 बजे जिला चिकित्सालय पहुंचे कलेक्टर अस्पताल का किया आकस्मिक निरीक्षण

## तीन आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवा समाप्ति की कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला चिकित्सालय बालाघाट में मरीजों को बेड नहीं मिलने एवं जमीन पर सुलाए जाने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर श्री मृणाल मीना शनिवार 24 मई को तड़के लगभग 4 बजे अचानक जिला चिकित्सालय पहुंच गए और अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने मेडिकल एवं महिला वार्ड का जायजा लिया। निरीक्षण में पाया गया कि वार्ड के सभी बेड भरे होने के कारण कुछ मरीजों का उपचार मेट्रेस बिछाकर किया जा रहा था। इस स्थिति पर उन्होंने नाराजगी जताई और अस्पताल प्रबंधन से तत्काल व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए।



कलेक्टर श्री मीना ने सिविल सर्जन डॉ. नीलय जैन, ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों एवं स्टाफ से अस्पताल की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने भर्ती मरीजों से भी चर्चा कर उपचार एवं सुविधाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को आवश्यकता के अनुसार बेड उपलब्ध कराए जाएं तथा किसी भी मरीज को जमीन पर न सुलाया जाए। उन्होंने कहा कि मरीजों की समुचित देखभाल, समय पर उपचार एवं आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही शासन के नियमानुसार सभी सुविधाएं मरीजों को प्रदान की जाएं।

निरीक्षण के दौरान आउटसोर्स कर्मचारी एम.एस.डब्ल्यू. आविष्कार मेश्राम, कैलाश झलपे एवं गार्ड राधेश्याम बघेले के ड्यूटी के दौरान सोते रहने की शिकायत मिलने पर कलेक्टर श्री मीना ने तीनों की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री मीना ने अस्पताल में मरीजों के साथ आने वाले परिजनों के ठहरने के लिए भी अस्पताल परिसर में उचित स्थान पर व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप भी उपस्थित रहे।

# एक दर्जन चमगादड़ों की मौत, वन्यजीव प्रेमी ने बढ़ते तापमान को बताया कारण

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट में गर्मी के बढ़ते तापमान के बीच मोती उद्यान में रविवार को लगभग 12 चमगादड़ों की मौत हो गई। इस घटना ने वन्यजीव प्रेमियों और पशु चिकित्सकों को चिंतित कर दिया है। हालांकि, चमगादड़ों की मौत का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं है।

पशु चिकित्सक डॉ. घनश्याम परते ने बताया कि मृत चमगादड़ों की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह का पता चल पाएगा। मोती तालाब में इतनी बड़ी संख्या में चमगादड़ों की मौत से यहां सैर करने आने वाले लोग भी सहमे हुए हैं। उन्हें संक्रमण फैलने और स्वास्थ्य पर इसके संभावित खतरे की आशंका है।

वन्यजीव प्रेमी अभय कोचर ने चमगादड़ों की मौत का कारण बढ़ते तापमान को बताया है। उनके अनुसार, जिले का तापमान 42 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जिसका असर वन्यजीवों और पक्षियों पर पड़ रहा है।



कोचर ने बताया कि बालाघाट के मोती तालाब में अधिकांश चमगादड़ 'फ्रूट बैट्स' हैं, जो आमतौर पर उड़कर पानी पीते हैं। तापमान बढ़ने से पानी गर्म हो गया है, जिससे गर्म पानी पीने के कारण चमगादड़ों में डिहाइड्रेशन हो रहा है और उनकी मौत हो रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि यह कोई पहला मामला नहीं है; इससे पहले दो साल पहले जिले के बिरसा क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में चमगादड़ों की मौत हुई थी। कोचर ने चमगादड़ों की आकस्मिक मौतों से उनकी संख्या में आ रही कमी पर चिंता व्यक्त की है।

### कम बारिश की आशंका के बीच कृषि विभाग की किसानों से अपील

**बालाघाट।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा इस वर्ष अल नीनो के प्रभाव के कारण सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना जताए जाने के बाद कृषि विभाग ने किसानों से खरीफ सीजन में धान की सीधी बुआई (बोवार) तकनीक अपनाने की अपील की है। कृषि विभाग ने कहा है कि परंपरागत रोपा पद्धति में अधिक पानी की आवश्यकता होती है, ऐसे में कम वर्षा की स्थिति में किसानों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। उप संचालक कृषि विभाग बालाघाट श्री फूलसिंह मालवीय द्वारा जारी अपील में किसानों से कहा गया है कि वे धान की सीधी बुआई तकनीक को प्राथमिकता दें, जिससे कम पानी में भी फसल सुरक्षित रखी जा सकेगी।

### फिट इंडिया मूवमेंट के तहत 123 बटालियन भरवेली में निकली साइकिल रैली

**बालाघाट।** स्वास्थ्य जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 123 बटालियन भरवेली स्थित कैंप परिसर में 'फिट इंडिया मूवमेंट' के तहत भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में अधिकारियों, जवानों एवं स्थानीय युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर फिटनेस और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया। साइकिल रैली का शुभारंभ कमाण्डेंट श्री हजारी लाल एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर कमाण्डेंट श्री हजारी लाल ने कहा कि नियमित साइकिल चलाना शरीर को स्वस्थ रखने का सरल और प्रभावी माध्यम है। इससे हृदय मजबूत होता है, वजन नियंत्रित रहता है तथा मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। उन्होंने कहा कि साइकिल का उपयोग प्रदूषण कम करने और ईंधन की बचत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने फिटनेस अपनाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# स्कूलों की तरह आंगनबाड़ी केंद्रो में भी हो ग्रीष्मकालीन अवकाश

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



महिला बाल विकास विभाग किरनापुर क्षेत्र में इस समय भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। आमतौर पर गर्मी का सबसे ज्यादा असर नन्हे-मुन्ने बच्चों पर पड़ता है। यही कारण है कि स्कूली बच्चों और शिक्षकों को ग्रीष्मकालीन अवकाश मिलता है। लेकिन शासन का यह आदेश आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों और उसमें काम करने वाली कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं पर लागू नहीं होता।

ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि आखिर यह आंगनवाड़ी केंद्रों के छोटे-छोटे बच्चों व कार्यकर्ताओं के साथ ऐसा अन्याय क्यों हो रहा है। इस बार ठंड के मौसम में ठंड अधिक बढ़ी स्कूलों का समय बदला। कई गांवों में तो स्कूलों में शीतकालीन अवकाश भी घोषित किया गया। इसी तरह इस वर्ष गर्मी पूरे शबाब पर है। अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह से ही सूर्य ने अपने तीखे तेवर दिखाए और पारा 42 से 45 डिग्री के बीच घूमता रहा। मई माह में भी गर्मी की यही स्थिति है।

**केंद्रों में न पंखे हैं न ठंडे पानी की व्यवस्था:** भीषण गर्मी में मात्र तीन सौ रूपए से पांच सौ रुपए प्रतिमाह किराए पर चलने वाली आंगनबाडिय़ों में पंखे और पीने के ठंडे पानी की व्यवस्था भी नहीं है।

छोटे-छोटे बच्चे आंगनबाड़ी आना ही नहीं चाहते। केंद्रों पर ठंडे पानी की व्यवस्था न होने पर केंद्र पर काम करने वाली आंगनबाड़ी वर्करों को कहना होता है कि सरकार द्वारा छह-छह माह तक भवन का किराया नहीं मिलता है ऐसे में मकान मालिक से बिजली और पानी की आशा करना व्यर्थ है। भवन मालिकों से अनुनय विनय कर काम चलाया जाता है।

इस समय भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। आमतौर पर गर्मी का सबसे ज्यादा असर नन्हे-मुन्ने बच्चों पर पड़ता है। यही कारण है कि स्कूली बच्चों और शिक्षकों को ग्रीष्मकालीन अवकाश मिलता है।किरनापुर मुख्यालय एवं क्षेत्र की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका ने अखबारों के माध्यम से शासन प्रशासन से अनुरोध किया है की ग्रीष्मकालीन अवकाश मई जून की देने की कृपा करें।

सरपंच और खनन माफिया की मिली भगत से हो रहा मुरुम का अवैध उत्खनन..?

# लालबर्रा के ग्राम जाम में शासकीय डोंगर तालाब से बीते 15 दिनों से मुरूम का अवैध खनन जारी

### कहां है राजस्व, पुलिस और माइनिंग विभाग.?, जिम्मेदार विभाग ... खनन माफियाओ पर क्यों नहीं कर रहा कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।





लालबर्रा अंतर्गत ग्राम जाम के शासकीय डोंगर तालाब से गांव का ही एक कांग्रेसी नेता लगातार 15 दिनों से सरपंच से मिली भगत कर गैर कानूनी तरीके से मुरूम का खनन करवा रहा है और तालाब में बड़े-बड़े गड्ढे कर रहा है जिसकी तस्वीर आप देख सकते हैं आखिर किसकी अनुमति से यह मुरुम का अवैध उत्खनन का खेल चल रहा है. जो सवाल है बीते कुछ दिनों पूर्व एक गांव एहसास की तालाब से माफियाओं द्वारा क्षेत्र के एक गांव के तालाब में अवैध उत्खनन कर बड़े-बड़े गड्ढे कर दिए गए थे। जिसमें दो मासूम बालिकाओं की डूबने से मौत हो गई थी लेकिन जिम्मेदार नहीं जागे.. जाम मे डोंगर तालाब में अपने आप को जनप्रतिनिधि कहने वाले माफिया द्वारा बड़े-बड़े गड्ढे खोद कर मुरूम का अवैध उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है और मुरूम बेचकर मुनाफा कमाया जा रहा है ग्राम वासियों की मांग है कि अवैध उत्खनन को बंद कराया जाए नहीं तो आने वाले दिनों में इसका खामियाजा आम जनता को ही भुगतना पड़ेगा जाम के शासकीय डोंगर तालाब से मुरुम का अवैध उत्खनन बंद कराया जाए प्रशासन इस ओर ध्यान दें और नियम अनुसार कार्रवाई करें.. कहीं ऐसा ना हो कि गड्ढो के चलते और जान चली जाए।

**जिम्मेदारी तय हो, उठ रही वसूली की कार्रवाई की मांग:** ग्राम जाम मे डोंगर तालाब से भारी पैमाने पर हो रहे मुरुम के अवैध उत्खनन पर पटवारी की जिम्मेदारी तय हो और खनन माफिया पर भी ठोस कार्रवाई की जाय। कार्रवाई के होने से आम जनता का प्रशासन पर भरोसा रहेगा. जानकारी के अनुसार 15 दिनों से चल रहे डोंगर तालाब से अवैध उत्खनन से राजत्व को लाखों रुपए की हानि हुई है. आम जनता की मांग है कि खनन करने वाले व्यक्ति से शासन राजस्व की वसूली करें। उक्त गंभीर मामले से जिला कलेक्टर और वारासिवनी एसडीएम को अवगत करा दिया गया है अब देखना होगा की समाचार प्रकाशन के बाद जिम्मेदार अधिकारी अवैध रूप से मुरुम के अवैध उत्खनन को अंजाम देने वाले खनन माफिया पर क्या कार्रवाई करते हैं जो देखना पड़ा ही दिलचस्प होगा।

अवैध रेत खनन पर ग्रामीणों की बड़ी कार्रवाई

# नाले में लंबे समय हो रहा था अवैध खनन, ट्रैक्टर मालिक की पुलिस में शिकायत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम भजियापार में रविवार सुबह ग्रामीणों ने अवैध रेत खनन और परिवहन कर रहे ट्रैक्टरों को पकड़ने की कोशिश की। सुबह 9 बजे ग्रामीणों ने नाले से रेत निकालकर ले जा रहे दो ट्रैक्टरों को रोकने का प्रयास किया। इनमें से एक चालक रेत खाली कर भागने में सफल रहा, जबकि दूसरा ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 50 एए 3244 ग्रामीणों के कब्जे में आ गया। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को पकड़ने के बाद खनिज विभाग को सूचना दी। खनिज निरीक्षक बंसत पाटिल मौके पर पहुंचे तो ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को खनिज विभाग के सुपुर्द कर दिया। खनिज विभाग ने इसे जब्त कर दोपहर साढ़े 12 बजे पुलिस



अभिरक्षा में थाना परिसर में खड़ा करवा दिया। इस घटना से पूरे गांव में गहमा-गहमी का माहौल बन गया। जब्त ट्रैक्टर के मालिक महेश भगत पर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भगत ने उन्हें ट्रैक्टर चढ़ाकर जान से मारने की धमकी दी। इस पर करीब 50 से अधिक ग्रामीण थाने पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि भजियापार नाले में लंबे समय से अवैध रेत खनन हो रहा था। कई बार शिकायतें की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इस बार उन्होंने खुद पहल कर खनन रोकने का प्रयास किया। खनिज निरीक्षक बसंत पाटिल ने ग्रामीणों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि अवैध खनन पर अंकुश तभी संभव है जब स्थानीय लोग प्रशासन का साथ दें। उन्होंने ग्रामीणों को धन्यवाद दिया और भरोसा दिलाया कि आगे भी ऐसी गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई होगी।

### अवैध खनन से बिगड़ी नाले की सूरत

ग्रामीणों का आरोप है कि भजियापार नाले की हालत अवैध खनन से काफी खराब हो चुकी है। नाले का प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ गया है। जिससे आसपास के खेतों की सिंचाई पर असर पड़ा है। उन्होंने बताया कि महेश भगत और उसके कुछ साथी लंबे समय से राजनीतिक संरक्षण पाकर नाले से अवैध उत्खनन कर रहे थे। जब ग्रामीण उन्हें ऐसा करने से रोकने तो डराया-धमकाया जाता। ऐसे में ग्रामीणों ने एकजुट होकर नाले से रेत का अवैध उत्खनन पर अंकुश लगाने का मन बनाया और रेत का अवैध खनन और परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को पकड़कर पुलिस और खनिज विभाग को सूचना दी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते अवैध खनन पर रोक नहीं लगी तो आने वाले वर्षों में जल संकट और मिट्टी कटाव जैसी समस्याएं गंभीर रूप ले लेंगी। अवैध रेत खनन आज के समय में सबसे गंभीर पर्यावरणीय संकटों में से एक है। रेत खनन माफ़िया नाले और नदियों से रेत निकालकर आज तो मोटा मुनाफा कर रहे है। मगर, पैसों की इनकी भूख भविष्य के लिए गहरी चुनौती है।

# ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द खरीदी के लिए 25 मई से शुरू होगा किसानों का पंजीयन

### 15 जून 2026 तक करा सकेंगे पंजीयन, उड़द पर मिलेगा 600 रुपये प्रति क्विंटल बोनस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वर्ष 2026 में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द फसल का समर्थन मूल्य पर उपार्जन करने के लिए किसानों का पंजीयन 25 मई 2026 से प्रारंभ किया जा रहा है। यह पंजीयन प्रक्रिया 15 जून 2026 तक चलेगी। मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के 36 जिलों में ग्रीष्मकालीन मूंग तथा 28 जिलों में ग्रीष्मकालीन उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें बालाघाट जिला भी शामिल है।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि समर्थन मूल्य पर खरीदी की इस व्यवस्था से जिले के हजारों किसानों को लाभ मिलेगा। विशेष रूप से उड़द उत्पादक किसानों के लिए सरकार द्वारा प्रति क्विंटल 600 रुपये बोनस दिए जाने की घोषणा की गई है, जिससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त हो सकेगा।

उन्होंने बताया कि पंजीयन के लिए किसानों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित केंद्रों पर पहुंचकर समय सीमा के भीतर अपना पंजीयन कराना होगा। किसानों से अपील की गई है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए 25 मई से 15 जून के मध्य अपना पंजीयन अनिवार्य रूप से करा लें, ताकि खरीदी प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो।

प्रवेश प्रारंभ
Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & OTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
B.Tech. 4 Year Degree 12th Mats Pass
Polytechnic 3 Year Diploma 10th Pass
कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
माईनिंग इलेक्ट्रिकल
सिविल मेकेनिकल
JOB SAHI
सतपुड़ा कैम्पस, लाल रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.)
9425836824, 62625604111 Web: www.satpudaengineeringcollege.com